आकाशवाणी श्री विजयपुरम

08.01.2025 समय : 1850

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे भारत में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने के लिए एक योजना घोषित की है।
- भारत की समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिए द्वीप प्रशासन गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर में अपना तटीय यूटी मंडप स्थापित करेगा।
- दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने आज टुसनाबाद ग्राम पंचायत का दौरा कर विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया।
- केंद्र ने श्री वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो का नया अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है।
- मत्स्य निदेशालय द्वारा द्वीपसमूह मेें मत्स्य पालन के व्यापक विकास पर एक मसौदा नीति तैयार किया गया है।

<><><><><><>

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे भारत में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने के लिए एक योजना घोषित की है। इसके अंतर्गत संस्थान की स्थापना के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करायी जायेगी। स्वचालित परीक्षण केंद्र और चालक प्रशिक्षण संस्थान की एकीकृत अवसंरचना के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। श्री गडकरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में कुशल चालकों की कमी है तथा सरकार और अधिक चालक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिये वचनबद्ध है।

<><><><><><>

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कल नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ सड़क सुरक्षा पर बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि छियासठ प्रतिशत मौतें अट्ठारह से चौंतीस वर्ष आयु वर्ग के लोगों की हुई है। श्री गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत सरकार दुर्घटना पीड़ितों को अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करेगी।

<><><><><><>

भारत की समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिए द्वीप प्रशासन गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर में अपना तटीय यूटी मंडप विकसित करेगा। यह परिसर एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप मे काम करेगा, जिसमें अब तक की सभी विविध और जीवंत कलाकृतियों को एकत्र कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। पवेलियन को वास्तुकला, संस्कृति, समुद्री विरासत जैसे विषयों पर डिजाइन किया जाएगा। आम जनता और स्वैच्छिक संगठनों से इस संबंध में उपलब्ध जानकारी और सामग्री कला और संस्कृति विभाग के साथ साझा करने का अनुरोध किया गया है। संबंधित जानकारी कला और संस्कृति सचिव के मेल पर भेजे जा सकते है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने आज टुसनाबाद ग्राम पंचायत का दौरा कर विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने टुसनाबाद पंचायत में सड़क, बिजली, सार्वजनिक पार्किंग और अन्य परियोजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। दौरे के दौरान उन्होंने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जो इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने क्षेत्र में सी सी रोड की आधारशिला रखी। ज़िला उपायुक्त ने स्थानीय निवासियों को लाभ पहुंचाने वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण में ग्राम पंचायतों के महत्व पर जोर दिया। इस दौरान ज़िला उपायुक्त के साथ फरारगंज पंचायत समिति प्रमुख पदमावती, क्षेत्र के प्रधान आनन्द अमृत राज और पंचायती राज संस्था के अभियंता और सदस्य उपस्थित थे।

<><><><><><>

केंद्र ने श्री वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो का नया अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है। वे चौदह जनवरी को कार्यभार ग्रहण करेंगे। वे इसरो के मौजूदा अध्यक्ष एस. सोमनाथ का स्थान लेंगे। श्री नारायणन अभी केरल के वलियामाला में इसरो के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र– एलपीएससी के निदेशक हैं। रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रणोदन क्षेत्र में विशिष्ट वैज्ञानिक के रूप में उन्हें लगभग चार दशकों का अनुभव है।

<><><><><><>

मत्स्य निदेशालय द्वारा द्वीपसमूह मेँ मत्स्य पालन के व्यापक विकास पर एक मसौदा नीति तैयार किया गया है। मसौदे में समुद्र मत्स्य पालन, मछली पकड़ने की तकनीक, समुद्री कृषि, मीठे पानी की जलीय कृषि जैसे विभिन्न बिन्दुओं पर आम जनता और मत्स्य पालन से जुड़े हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां मांगे गए हैं। मसौदा नीति प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सुझाव और टिप्पणियां मत्स्य विभाग के निदेशक के पते पर लिखित रूप से या मेल के माध्यम से तीस दिनों के भीतर जमा किए जा सकते हैं।

उधर, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद की वित्तीय सहायता के सहयोग से मत्स्य विभाग के मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र ने माह के अंत में "मछली मूल्य संवर्धन" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मछली की कटाई, प्राथमिक प्रसंस्करण, अचार बनाना, सुखाना, और मछली सॉसेज बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मत्स्य विभाग योजना के माध्यम से व्यावसायिक गतिविधियों को शुरू करने के लिए प्रशिक्षणार्थियों को सहायता भी प्रदान करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक मछुआरों, स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों, आदिवासी और बेरोजगार युवाओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन के लिए निकटतम क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय या मत्स्य उप–केन्द्रों से संपर्क कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पन्द्रह जनवरी तक नजदीकी मत्स्य कार्यालयों में जमा करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए सभी कार्य दिवसों में मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण के लिए कुल पच्चीस लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।

<><><><><><>

अटल फाउंडेशन के राज्य अध्यक्ष और वार्ड नम्बर छः के पार्षद अज़ीजुर्रहमान ने मंगल सेन मल्होत्रा के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के क्षेत्रीय खेल परिषद की समिति का पुनर्गठन किया गया है। आज हुई समीक्षा बैठक में परिषद के पूर्व अध्यक्ष के. गणेशन को उपाध्यक्ष चुना गया।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में पांडिचेरी विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की परीक्षा की समय सारणी कॉलेज के परीक्षा अनुभाग की सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। इसके अलावा समय सारणी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का अड़तीसवां दीक्षांत समारोह फरवरी माह में श्री विजयपुरम स्थित क्षेत्रीय केन्द्र में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकता है। विद्यार्थी जिन्होंने दिसम्बर दो हजार तेईस और जून दो हजार चौबीस की टर्म एंड परीक्षाएं पूरी कर ली है, उन्हें इग्नू की वेबसाइट पर जाकर शुल्क की अदायगी कर ऑनलाइन पंजीकरण कराने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

सीटू की ओर से हाल ही में अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायक महासंघ की स्थापना दिवस के सिलसिले में द्वीपों में विभिन्न हिस्सों में बैठक आयोजित की गई। मुख्य कार्यक्रम श्री विजयपुरम के शहीद भवन में आयोजित किया गया। सीटू के राज्य समिति के अध्यक्ष आर. सुरेन्द्रन पिल्लई ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए संघ को मजबूत करने का आहवान किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तिरसठ दशमलव चार मिलीमीटर, कार निकोबार में तिरपन, हटबे में नौ दशमलव दो, श्री विजयपुरम में छः दशमलव तीन और ननकौड़ी में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>